# रात्रिकालिन सफाई के 7 सफाई मित्रों का 1 दिवस का वेतन काटा

**– सेवा से बर्खास्त किए जाने का जारी किया कारण बताओ सूचना-पत्र**

**– तीन दिवस तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी होंगे बर्खास्त**

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़कें, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों मे से 7 सफाई मित्रो द्वारा 6 मार्च रविवार को बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 1 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत 06 मार्च रविवार को रवि-मुकेश, आकाश-कुंदन, नरेन्द्र-नवीन, पंकज-फिरोज, रवि-उंकार, अमित-बालकिशन व विशाल-कैलाश द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर 1 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिवस अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। प्रसारण

प्रसारण/ 8/3/22

## 17 कर्मचारी फिर बिना बताए ड्यूटी से नदारद रहे, एक दिन का वेतन काटा

रतलाम | बिना अनुमति और सूचना के ड्यूटी पर नहीं आने की नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की प्रवृत्ति नहीं बदल रही। सोमवार को ऐसे 17 कर्मचारी पर्यवेक्षकों की चेकिंग में पकड़ में आए। सुबह की शिफ्ट के 10 और दोपहर की शिफ्ट के 7 कर्मचारी शामिल हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दे दिए हैं। आयुक्त के अनुसार बगैर सूचना लगातार तीन दिन तक अनुपस्थित रहने पर सीधे बर्खास्त कर दिया जाएगा। इसी प्रकार रात्रिकालीन सफाई के 7 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा है। ये सारे भी बिना सूचना और अनुमति के ड्यूटी पर नहीं आए थे। इनमें रवि मुकेश, आकाश कुंदन, नरेंद्र नवीन, पंकज फिरोज, रवि ऊंकार, अमित बालकिशन, विशाल कैलाश शामिल हैं। भास्कर

दै. भास्कर 8/3/22

# सफाई की सालाना परीक्षा शुरू, कभी भी आ सकती है टीम, गुपचुप होगा सर्वे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण यानी सफाई की सालाना परीक्षा शुरू हुए 7 दिन बीत चुके हैं। यह 28 मार्च तक चलेगा। यानी शहर में टीम कभी भी सर्वे करने आ सकती है।

नगर निगम के अफसर इसलिए सचेत हैं क्योंकि बीते साल की तरह इस बार भी सर्वे बिना किसी को बताए गुपचुप होगा। यही वजह है कि आयुक्त सोमनाथ झारिया से लेकर इंजीनियर तक दिनभर स्वच्छता अभियान में लगे हुए हैं। आयुक्त रोजाना रात को मैदानी अमले से अपडेट लेकर सामने आई खामियों को दूर कर रहे हैं। इस बार सर्वेक्षण 7500 अंक का होने के साथ ही मापदंड भी बढ़ा दिए गए हैं।

## पहली बार शहर से उठा 1.11 मीट्रिक टन से अधिक कचरा

कसावट के बाद डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों ने पहले से ज्यादा कचरा उठाना शुरू कर दिया है। सोमवार को पहली बार 1.11 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। इसमें डंपर से 44745 किलो, ट्रैक्टर से 12140 किलो, मैजिक से सूखा 37345 किलो, गीला 17215 किलो, इस तरह 111445 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा।

**सार्वजनिक स्थानों से हटाए 310 फ्लेक्स, बैनर :** आर्ट पेंटिंग से सार्वजनिक स्थानों को सुंदर बनाने वाले निगम ने बिना अनुमति फ्लैक्स-बैनर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को दीवार, बिजली पोल व अन्य स्थानों पर लगे 310 से ज्यादा बोर्ड हटाए। फव्वारा चौक से कोर्ट तिराहा, कोर्ट तिराहे से दो बत्ती, दो बत्ती से सैलाना बस स्टैंड और वहां से बरबड़ तक कार्रवाई चली। इसके बाद अब अगर किसी ने बोर्ड लगाया तो नगर निगम संपत्ति विरुपण की धारा में पुलिस में प्रकरण दर्ज करवाएगा।

**लिंक आई, लेकिन अंतिम तारीख का पता नहीं :** 1250 अंक वाले गार्बेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस के लिए नगर निगम अब तक आवेदन नहीं कर पाया है। इसके लिए पोर्टल पर लिंक तो आ गई है, लेकिन खुल नहीं रही। अंतिम तारीख सहित अन्य दिशा-निर्देशों का भी अता-पता नहीं है। ऐसे में एसबीएम शाखा चाहकर भी इंट्री नहीं कर पा रही है। भास्कर

दै. भास्कर 8/3/22



# 280 किलो अमानक पॉलीथीन जब्त, पोखरना व नाकोड़ा ट्रेडर्स सील

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

अभियान के तहत पोखरना माणक चौक व नाकोड़ा ट्रेडर्स करमदी रोड से 280 किलो अमानक पॉलीथीन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जब्त कर दुकानों को सील किया गया।

रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। प्रसारण

प्रसारण 8/3/22

# निगम का अभियान: दो दुकान सील की, ढाई क्विंटल प्लास्टिक जब्त

रतलाम. शहर में तय मानक के खिलाफ उपयोग में आ रहे प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सोमवार को की गई। दुकानों को सील कर दिया गया। ढाई क्विंटल से अधिक प्लास्टिक जब्त किया गया।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग व स्पाट फाइन दल द्वारा शहर में प्लास्टिक के खिलाफ अभियान जारी है। इसी कड़ी में शहर के माणकचौक स्थित पोखरना नाम की दुकान पर पहली कार्रवाई की गई। यहां पर 10 किलो अमानक स्तर का प्लास्टिक मिला।

इसके बाद यहां पर जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई व दुकान को सील कर दिया गया। इसके बाद दल एक अन्य नाकोड़ा नाम की दुकान पर पहुंचा। यहां पर ढाई क्विंटल प्लास्टिक मिला। इसके बाद पूरी अमानक स्तर की प्लास्टिक जिसमें डिस्पोजल सहित अन्य सामग्री मिलने पर जब्त किया गया व दुकान को सील कर दिया गया।

पत्रिका/ 8/3/22

# 280 किलो अमानक पॉलीथिन जब्त, पोखरना व नाकोड़ा ट्रेडर्स सील

रतलाम | 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को पोखरना माणक चौक और नाकोड़ा ट्रेडर्स करमदी रोड से 280 किलो अमानक पॉलीथीन जब्त कर दुकानों को सील किया गया।

दै. भास्कर 8/3/22

# अमानक पालिथीन जब्त

रतलाम। नगर निगम द्वारा अमानक पालिथीन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पोखरना माणकचौक व नाकोड़ा ट्रेडर्स करमदी रोड से 280 किलो अमानक पालिथीन जब्त की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दोनों दुकानों को सील किया गया।

नईदुनिया/ 8/3/22

# संबल-प्रसूति सहायता में रतलाम में 17, जावरा में 2 केस पेंडिंग

## टीएल मीटिंग में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दी जनपदों के सीईओ को चेतावनी, बोलेः कार्रवाई होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लोगों के लिए बनाई गई हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे संबल या प्रसूति सहायता के प्रकरण पेंडिंग नहीं होना चाहिए। रतलाम में 17, जावरा में 2 प्रकरण लंबित हैं। सभी सीईओ इसका प्रमाण-पत्र दें कि कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है। ऐसा नहीं होने पर सीईओ जिम्मेदार होंगे। उन पर कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए। सैलाना, पिपलौदा, बाजना में एक भी पेंडेंसी नहीं मिली। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदारों से हॉस्टल निरीक्षण की जानकारी भी ली।

### ऐसे चली टीएल मीटिंग

- **सीएम हेल्पलाइन-** नॉन अटेंड शिकायतों को लेकर गंभीर रहें। जावरा की 2 तथा पिपलौदा की 1 शिकायत नॉन अटेंड है।
- **शिक्षा विभाग-** कार्यप्रणाली सुधारें, रूटीन वर्क तक नहीं हो रहा है। शिक्षक समय पर स्कूल आएं और पूरे समय रहें। निरीक्षण में नहीं मिले तो डीईओ जिम्मेदार होंगे। अवकाश लेने पर आवेदन संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के व्हाट्सएप पर भेजकर, स्वीकृति होना चाहिए।
- **शिशु एवं मातृ मृत्यु दर-** सुधार के लिए 9 मार्च को बाजना में कैंप लगेगा। 8 मार्च को बाजना जाकर बैठक कर तैयारी करें। एसडीएम ने बताया कैंप में 400 महिलाओं के हेल्थ चेकअप का लक्ष्य है।
- **स्वच्छ सर्वेक्षण-** ताल, जावरा, आलोट की तैयारी ठीक नहीं है। भोपाल के अधिकारी प्रारंभिक निरीक्षण कर चुके हैं। जिले का कोई भी निकाय रैंकिंग में 100 से बाहर नहीं जाना चाहिए।

भास्कर

दै. भास्कर 8/3/22

# सेवानिवृत्ति पर समाज ने श्री दशोत्तर का सम्मान किया



**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

नगर निगम के सेवानिवृत्त सिटी इंजीनियर अरविंद दशोतर के 41 वर्ष की सेवा काल के पश्चात नगर निगम से सेवानिवृत्ति होने पर श्री श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी एवं समाजजनों द्वारा समाज अध्यक्ष प्रकाश व्यास की उपस्थिति में साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर शहर को दी गई अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सचिव अविनाश व्यास, मयंक दवे, पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव दशोत्तर, धर्मेंद्र व्यास, अशोक व्यास, देवेंद्र व्यास, विजय दवे, प्रशांत व्यास, प्रदीप ओझा, वैभव व्यास, गोविंद त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

सिंघम 7/3/22

### समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने दिया निर्देश

# सभी जनपदों के सीईओ प्रमाण पत्र देवे कि उनके यहां कोई हितग्राहीमूलक पेंडेंसी नहीं है

रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को संपन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे संबल या प्रसूति सहायता में प्रमाण पत्र देवे कि उनके यहां कोई भी प्रकरण पेंडिंग नहीं है अन्यथा जिम्मेदारी सीईओ की होगी। कलेक्टर ने सभी जनपदों के सीईओ से चर्चा की। इस दौरान सीएमओ सैलाना, पिपलौदा, बाजना द्वारा बताया गया कि उनके यहां हितग्राहीमूलक कोई पेंडेंसी नहीं है। जावरा में 2 तथा रतलाम में 17 पेंडेंसी बताई गई।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्त विभाग प्रदेश में 51वे नंबर पर है। इसी स्थान पर जिले का सामाजिक न्याय विभाग भी है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 90 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। नॉन अटेंड शिकायतों पर कलेक्टर ने गंभीरता रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि सीएमओ जावरा की



2 तथा जनपद पिपलोदा की 1 शिकायत नान अटेंड है। लोक सेवा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि शिकायतों के संबंध में जिला मुख्यालय से पूरे जिले में संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन कॉल किया जाता है। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग में रूटीन वर्क भी नहीं हो पा रहा है। शिक्षा अधिकारी को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जिले के मैदानी क्षेत्रों में विद्यालयों के शिक्षक समय पर स्कूल आए और स्कूल में पूरा टाइम रहे। चेतावनी दी गई कि यदि निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षक नहीं मिले तो जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी भी स्कूल में शिक्षक अवकाश पर जाते हैं तो उसका आवेदन संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के व्हाट्सएप पर दिखना चाहिए और उसकी स्वीकृति होना चाहिए। शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए जिले में संचालित विशेष अभियान के तहत आगामी 9 मार्च को बाजना में कैंप आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने आयोजन की विशेष तैयारी के निर्देश एसडीएम को दिए। इसके पूर्व 8 मार्च को एक बैठक बाजना में आयोजित की जाकर एसडीएम द्वारा समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया कि कैंप में 400 महिलाओं के हेल्थ चेकअप का लक्ष्य रखा गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जिले के ताल, जावरा, आलोट सीएमओ को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता के मामले में उनके यहां विगत दिनों भोपाल से आए अधिकारी द्वारा ठीक ढंग से तैयारी नहीं पाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि जिले का कोई भी निकाय रैंकिंग में 100 से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर ने नामली निकाय में स्वच्छता की बेहतर स्थिति पर एसडीएम सुश्री कृतिका भिमावद तथा तहसीलदार श्रीमती अनीता चोकोटिया की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि सैलाना में भी स्वच्छता कार्य अच्छा है। इन्दौर

इन्दौर समाचार 8/3/22

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला-बाल विकास विभाग के महिला मैदानी अमले का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

रतलाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-8 मार्च को महिला-बाल विकास विभाग ने विभाग की महिला पर्यवेक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के स्वास्थ्य और पोषण स्तर के परीक्षण एवं उपचार पर समर्पित करने का निर्णय लिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 8 से 31 मार्च तक क्रमवार स्वास्थ्य शिविर वृहद रूप से लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 97 हजार 135 आँगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों के संचालन एवं निरीक्षण के लिये लगभग एक लाख 85 हजार मैदानी अमला कार्यरत है। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रजनन आयु वर्ग तथा वरिष्ठ आयु वर्ग की पर्यवेक्षकों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का विकास करना है। साथ ही बॉडीमॉस इण्डेक्स के अनुसार पोषण स्तर का निर्धारण, गंभीर रक्ताल्पता, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, स्तन कैंसर, सरवाईकल कैंसर, ओरल कैंसर, बाँझपन, स्त्री रोग संबंधी अन्य समस्याओं की पहचान कर प्राथमिक सूची तैयार कर आवश्यकता अनुसार उपचार उपलब्ध कराना है। महिला एवं बाल विकास के शत-प्रतिशत मैदानी अमले की स्वास्थ्य जाँच होने के बाद गंभीर बीमारियों से ग्रसित महिला कर्मियों की जाँच के लिये 28 से 30 मार्च के मध्य जिला अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जायेगा।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 8/3/22

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला-बाल विकास विभाग के महिला मैदानी अमले का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

रतलाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-8 मार्च को महिला-बाल विकास विभाग ने विभाग की महिला पर्यवेक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के स्वास्थ्य और पोषण स्तर के परीक्षण एवं उपचार पर समर्पित करने का निर्णय लिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 8 से 31 मार्च तक क्रमवार स्वास्थ्य शिविर वृहद रूप से लगाए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 97 हजार 135 आँगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों के संचालन एवं निरीक्षण के लिये लगभग एक लाख 85 हजार मैदानी अमला कार्यरत है। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रजनन आयु वर्ग तथा वरिष्ठ आयु वर्ग की पर्यवेक्षकों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का विकास करना है। साथ ही बॉडीमॉस इण्डेक्स के अनुसार पोषण स्तर का निर्धारण, गंभीर रक्ताल्पता, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, स्तन कैंसर, सरवाईकल कैंसर, ओरल कैंसर, बाँझपन, स्त्री रोग संबंधी अन्य समस्याओं की पहचान कर प्राथमिक सूची तैयार कर आवश्यकता अनुसार उपचार उपलब्ध कराना है।

महिला एवं बाल विकास के शत-प्रतिशत मैदानी अमले की स्वास्थ्य जांच होने के बाद गंभीर बीमारियों से ग्रसित महिला कर्मियों की जांच के लिए 28 से 30 मार्च के मध्य जिला अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रसारण


प्रसारण 8/3/22

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन

रतलाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रशासन महिला बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च को स्थानीय विधायक सभागृह बरबड़ पर कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। प्रातः 11.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच, विभागीय प्रदर्शनी, स्टॉल आयोजन होगा। साथ ही अपराजिता मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ किया जाएगा। इन्दौर

# देश का पहला गवाह केंद्र रतलाम जिले के न्यायालयों में प्रारंभ

## 4748 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा निराकरण- गुप्ता



रतलाम ● स्वदेश समाचार

सर्वोच्च न्यायालय ने सभी न्यायालयों में गवाह केंद्र खोलने के निर्देश दिए है। इसी के तहत देश का पहला संवेदनशील गवाह केंद्र रतलाम में सोमवार से प्रारंभ हो गया है। इसी तरह जिले के अन्य न्यायालयों में भी यह केंद्र बनाए गए है।

यह जानकारी जिला प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अरुण श्रीवास्तव एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय शर्मा मौजूद थे। श्री गुप्ता ने 12 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर 4748 प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्री लिटिगेशन 11289 प्रकरण रखे जाएंगे। जिनमें बैंक एवं फाइनेंस के 9373, बीएसएनएल के 579, विद्युत मंडल रतलाम के 1337 प्रकरण शामिल है, जिनका निराकरण जिले के विभिन्न न्यायालयों में किया जाएगा, जहां विशेष खंडपीठ बनाए गए है।

मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक वाद, बैंक, बीमा, राजस्व, विद्युत, जल, सर्विस में वेतन एवं भत्ते, सिविल, श्रम, अन्य लघु आपराधिक मामलों तथा प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर विधिक जागरूकता के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है।

स्वदेश

स्वदेश 8/3/22

# सीईओ प्रमाण पत्र दें कि उनके यहां कोई प्रकरण लंबित नहीं है

## हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश




रतलाम ● स्वदेश समाचार

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे संबल या प्रसूति सहायता में प्रमाण पत्र देवें कि उनके यहां कोई भी प्रकरण पेंडिंग नहीं है अन्यथा जिम्मेदारी सीईओ की होगी। कलेक्टर ने सभी जनपदों के सीईओ से चर्चा की। इस दौरान सीएमओ सैलाना, पिपलौदा, बाजना द्वारा बताया गया कि उनके यहां हितग्राहीमूलक कोई पेंडेंसी नहीं है। जावरा में 2 तथा रतलाम में 17 पेंडेंसी बताई गई।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्त विभाग प्रदेश में 51वें नंबर पर है। इसी स्थान पर जिले का सामाजिक न्याय विभाग भी है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 90 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। नॉन अटेंड शिकायतों पर कलेक्टर ने गंभीरता रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि सीएमओ जावरा की 2 तथा जनपद पिपलौदा की 1 शिकायत नॉन अटेंड है। लोक सेवा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि शिकायतों के संबंध में जिला मुख्यालय से पूरे जिले में संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन कॉल किया जाता है।

### शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार लाएं

बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग में रूटीन वर्क भी नहीं हो पा रहा है। शिक्षा अधिकारी को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जिले के मैदानी क्षेत्रों में विद्यालयों के शिक्षक समय पर स्कूल आए और स्कूल में पूरा टाइम रहे। चेतावनी दी गई कि यदि निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षक नहीं मिले तो जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी भी स्कूल में शिक्षक अवकाश पर जाते हैं तो उसका आवेदन संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के व्हाट्सएप पर दिखना चाहिए और उसकी स्वीकृति होना चाहिए।

### शिशु एवं मातृ मृत्युदर में सुधार के लिए कैम्प लगाएं

शिशु एवं मातृ मृत्युदर में सुधार के लिए जिले में संचालित विशेष अभियान के तहत 9 मार्च को बाजना में कैंप आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने आयोजन की विशेष तैयारी के निर्देश एसडीएम को दिए। इसके पूर्व 8 मार्च को एक बैठक बाजना में आयोजित की जाकर एसडीएम द्वारा समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया कि कैंप में 400 महिलाओं के हेल्थ चेकअप का लक्ष्य रखा गया है।

### निकाय रैंकिंग में 100 से बाहर नहीं जाना चाहिए

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जिले के ताल, जावरा, आलोट सीएमओ को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता के मामले में उनके यहां विगत दिनों भोपाल से आए अधिकारी द्वारा ठीक ढंग से तैयारी नहीं पाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि जिले का कोई भी निकाय रैंकिंग में 100 से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर ने नामली निकाय में स्वच्छता की बेहतर स्थिति पर एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद तथा तहसीलदार श्रीमती अनिता चोकोटिया की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि सैलाना में भी स्वच्छता कार्य अच्छा है। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदारों से हेस्टल निरीक्षण की जानकारी प्राप्त की गई। ग्रीष्मऋतु के मद्देनजर कलेक्टर द्वारा जिले में आगामी मई, जून ग्रीष्म सीजन को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी रखने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।

स्वदेश

स्वदेश 8/3/22

## लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को, 4748 प्रकरणों का किया जाएगा निराकरण, छूट का मिलेगा लाभ



रतलाम। विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा सभी जिला न्यायालयों में 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर 4748 प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। सोमवार को प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार गुप्ता ने मीडिया को यह जानकारी दी। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अरुण श्रीवास्तव एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय शर्मा मौजूद थे। श्री गुप्ता ने बताया कि लोक अदालत में प्री लिटिगेशन 11289 प्रकरण रखे जाएंगे। जिनमें बैंक एवं फाइनेंस के 9373, बीएसएनएल के 579, विद्युत मंडल रतलाम के 1337 प्रकरण शामिल है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक वाद, बैंक, बीमा, राजस्व, विद्युत, जल, सर्विस में वेतन एवं भत्ते, सिविल, श्रम, अन्य लघु आपराधिक मामलों तथा प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर विधिक जागरुकता के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है।

**बीएसएनएल के 579 प्रकरणों रखेंगे**-भारत संचार निगम लिमिटेड के लेखा अधिकारी भारत चंदेल ने बताया कि भारत सचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 579 प्रकरणों को रतलाम, जावरा, सैलाना तथा आलोट न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

**छूट का उठा सकते हैं लाभ**-भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में भी 12 मार्च के पूर्व सम्पर्क कर छूट का लाभ उठा सकते है। बीएसएनएल ने आपसी समझौते से 10 से 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने का अनुरोध किया है।

इन्दौर समाचार 8/3/22

## 12 को लगेगी नेशनल लोक अदालत

रतलाम। 12 जनवरी को न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के खात्मे के साथ शासकीय विभागों में लंबित प्रकरणों पर सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि लोक अदालत में आने वाले मामलों में छूट भी मिलेगी। इस बार 4749 केस का लक्ष्य रखा गया है। इसमें नगर निगम, राजस्व, बिजली कंपनी, बीमा कंपनी सहित कई अन्य शासकीय विभागों में चल रहे प्रकरण भी शामिल हैं। लोक अदालत के माध्यम से निराकरण में छूट भी दी जाएगी। सोमवार को लोक अदालत का प्रचार करने के लिए प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाई गई। इसके साथ ही लोक अदालत के लिए तैयारी भी की जा रही है।

दबंग दुनिया 8/3/22

## समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिया निर्देश

# सभी जनपदों के सीईओ प्रमाण पत्र देवे कि उनके यहां कोई हितग्राहीमूलक पेंडेंसी नहीं है



प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को संपन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे संबल या प्रसूति सहायता में प्रमाण पत्र देवे कि उनके यहां कोई भी प्रकरण पेंडिंग नहीं है अन्यथा जिम्मेदारी सीईओ की होगी। कलेक्टर ने सभी जनपदों के सीईओ से चर्चा की। इस दौरान सीएमओ सैलाना, पिपलौदा, बाजना द्वारा बताया गया कि उनके यहां हितग्राहीमूलक कोई पेंडेंसी नहीं है। जावरा में 2 तथा रतलाम में 17 पेंडेंसी बताई गई।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्त विभाग प्रदेश में 51वे नंबर पर है। इसी स्थान पर जिले का सामाजिक न्याय विभाग भी है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 90 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। नॉन अटेंड शिकायतों पर कलेक्टर ने गंभीरता रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि सीएमओ जावरा की 2 तथा जनपद पिपलोदा की 1 शिकायत नान अटेंड है। लोक सेवा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि शिकायतों के संबंध में जिला मुख्यालय से पूरे जिले में संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन कॉल किया जाता है।

प्रसारण

बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग में रूटीन वर्क भी नहीं हो पा रहा है। शिक्षा अधिकारी को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जिले के मैदानी क्षेत्रों में विद्यालयों के शिक्षक समय पर स्कूल आए और स्कूल में पूरा टाइम रहे। चेतावनी दी गई कि यदि निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षक नहीं मिले तो जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी भी स्कूल में शिक्षक अवकाश पर जाते हैं तो उसका आवेदन संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के व्हाट्सएप पर दिखना चाहिए और उसकी स्वीकृति होना चाहिए।

शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए जिले में संचालित विशेष अभियान के तहत आगामी 9 मार्च को बाजना में कैंप आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने आयोजन की विशेष तैयारी के निर्देश एसडीएम को दिए। इसके पूर्व 8 मार्च को एक बैठक बाजना में आयोजित की जाकर एसडीएम द्वारा समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया कि कैंप में 400 महिलाओं के हेल्थ चेकअप का लक्ष्य रखा गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जिले के ताल, जावरा, आलोट सीएमओ को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता के मामले में उनके यहां विगत दिनों भोपाल से आए अधिकारी द्वारा ठीक ढंग से तैयारी नहीं पाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि जिले का कोई भी निकाय रैंकिंग में 100 से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर ने नामली निकाय में स्वच्छता की बेहतर स्थिति पर एसडीएम सुश्री कृतिका भिमावद तथा तहसीलदार श्रीमती अनीता चोकोटिया की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि सैलाना में भी स्वच्छता कार्य अच्छा है। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदारों से हॉस्टल निरीक्षण की जानकारी प्राप्त की गई। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर कलेक्टर द्वारा जिले में आगामी मई, जून ग्रीष्म सीजन को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी रखने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।

प्रसारण 8/3/22

## संपति विरूपण के तहत 300 से अधिक छोटे-बड़े फ्लेक्स बोर्ड हटाये गये

रतलाम। संपति विरूपण के तहत 7 मार्च सोमवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार न्यू कलेक्टोरेट से फव्वारा चौक, फव्वारा चौक से कोर्ट तिराहा, कोर्ट तिराहे से दो बत्ती, दो बत्ती से सैलाना बस स्टैण्ड से बरबड़ तक से बिना अनुमति के लगे 300 से अधिक फ्लेक्स होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाकर जब्त किया गया। बिना अनुमति के फ्लेक्स होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने वालो के विरूद्ध नगर निगम द्वारा एफआईआर दर्ज की जावेगी।

प्रसारण

प्रसारण 8/3/22

## आयुष्मान कार्ड निर्माण का निरीक्षण एसडीएम शुक्ला ने किया

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम के निर्देश पर रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए सघन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को भी आईएमए में हाल अलकापुरी तथा अंबेडकर भवन में कैंप आयोजित कर आयुष्मान कार्ड निर्माण की कार्यवाही की गई। एसडीएम रतलाम शहर श्री राजेश शुक्ला द्वारा आईएमए हाल पहुंचकर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्रवाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री मनोज चौहान भी मौजूद थे। बताया गया है कि रतलाम शहर में अभी 13 हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण किए जाना है।

सिंधिया 7

सिंधिया 8/3/22

# लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को, 4748 प्रकरणों का किया जाएगा निराकरण, छूट का मिलेगा लाभ

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा सभी जिला न्यायालयों में 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर 4748 प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

सोमवार को प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार गुप्ता ने मीडिया को यह जानकारी दी। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अरुण श्रीवास्तव एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय शर्मा मौजूद थे। श्री गुप्ता ने बताया कि लोक अदालत में प्री लिटिगेशन 11289 प्रकरण रखे जाएंगे। जिनमें बैंक एवं फाइनेंस के 9373, बीएसएनएल के 579, विद्युत मंडल रतलाम के 1337 प्रकरण शामिल है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक वाद, बैंक, बीमा, राजस्व, विद्युत, जल, सर्विस में वेतन एवं भत्ते, सिविल, श्रम, अन्य लघु आपराधिक मामलों तथा प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर विधिक जागरूकता के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है।



## बीएसएनएल के 579 प्रकरणों रखेंगे

भारत संचार निगम लिमिटेड के लेखा अधिकारी भारत चंदेल ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 579 प्रकरणों को रतलाम, जावरा, सैलाना तथा आलोट न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

## छूट का उठा सकते हैं लाभ

भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में भी 12 मार्च के पूर्व सम्पर्क कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। बीएसएनएल ने आपसी समझौते से 10 से 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने का अनुरोध किया है।

प्रसारण

प्रसारण । 8/3/22

# नेशनल लोक अदालत में 4748 लंबित प्रकरण रखे जाएंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला मुख्यालय व तहसील न्यायालयों (जावरा, आलोट व सैलाना) में नेशनल 12 मार्च को होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 4748 प्रकरण आपसी समझौते के आधार पर निराकरण के लिए रखे जाएंगे। सोमवार सुबह प्रधान जिला न्यायाधीश राजेशकुमार गुप्ता ने नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लोक अदालत में शमनीय प्रकृति के आपराधिक, सभी प्रकार के सीविल, चेक अनादरण, भरण-पोषण, वैवाहिक विवाद, बिजली चोरी, संपत्तिकर, जलकर, बैंकों आदि के प्रकरण रखे जाएंगे। न्यायलयों में लंबित प्रकरणो के अलावा बैंकों, फाइनेंस कंपनियों, बीएसएनएल, बिजली विभाग, नगर निगम आदि विभागों के 11 हजार 289 प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के प्रकरण में भी निराकरण के लिए रखे जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (जिला न्यायाधीश) अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा शास के दिशा निर्देश के अनुसार वसूली राशि छूट भी प्रदान की जाएगी। नई।

नईदुनिया । 8/3/22

# सभी जनपदों के सीईओ प्रमाण पत्र दें कि उनके यहां कोई हितग्राहीमूलक पेंडेंसी नहीं है

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे संबल या प्रसूति सहायता में प्रमाण पत्र देवे कि उनके यहां कोई भी प्रकरण पेंडिंग नहीं है। अन्यथा जिम्मेदारी सीईओ की होगी। कलेक्टर ने सभी जनपदों के सीईओ से चर्चा की। इस दौरान सीएमओ सैलाना, पिपलौदा, बाजना द्वारा बताया गया कि उनके यहां हितग्राहीमूलक कोई पेंडेंसी नहीं है। जावरा में 2 तथा रतलाम में 17 पेंडेंसी बताई गई।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्त विभाग प्रदेश में 51वे नंबर पर है। इसी स्थान पर जिले का सामाजिक न्याय विभाग भी है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 90 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। नॉन अटेंड शिकायतों पर कलेक्टर ने गंभीरता रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि सीएमओ जावरा की 2 तथा जनपद पिपलोदा की 1 शिकायत नान अटेंड है। लोक सेवा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि शिकायतों के संबंध में जिला मुख्यालय से पूरे जिले में संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन कॉल किया जाता है।



## कार्यप्रणाली में लाएं सुधार

बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग में रूटीन वर्क भी नहीं हो पा रहा है। शिक्षा अधिकारी को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जिले के मैदानी क्षेत्रों में विद्यालयों के शिक्षक समय पर स्कूल आए और स्कूल में पूरा टाइम रहे। चेतावनी दी गई कि यदि निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षक नहीं मिले तो जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारी होंगे।

यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी भी स्कूल में शिक्षक अवकाश पर जाते हैं तो उसका आवेदन संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के वाट्सएप पर दिखना चाहिए और उसकी स्वीकृति होना चाहिए।

## शिशु मृत्यु दर कम करने को चलाएं अभियान

शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए जिले में संचालित विशेष अभियान के तहत आगामी 9 मार्च को बाजना में कैंप आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने आयोजन की विशेष तैयारी के निर्देश एसडीएम को दिए। इसके पूर्व 8 मार्च को एक बैठक बाजना में आयोजित की जाकर एसडीएम द्वारा समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया कि कैंप में 400 महिलाओं के हेल्थ चेकअप का लक्ष्य रखा गया है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए हर तहसील हो तैयार

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जिले के ताल, जावरा, आलोट सीएमओ को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता के मामले में उनके यहां विगत दिनों भोपाल से आए अधिकारी द्वारा ठीक ढंग से तैयारी नहीं पाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि जिले का कोई भी निकाय रैंकिंग में 100 से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर ने नामली निकाय में स्वच्छता की बेहतर स्थिति पर एसडीएम सुश्री कृतिका भिमावद तथा तहसीलदार श्रीमती अनीता चोकोटिया की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि सैलाना में भी स्वच्छता कार्य अच्छा है। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदारों से हॉस्टल निरीक्षण की जानकारी प्राप्त की गई। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर कलेक्टर द्वारा जिले में आगामी मई, जून ग्रीष्म सीजन को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी रखने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।

दबंग

दबंग दुनिया 8/3/22